HAPUR POLICE

प्रेस नोट

थाना - धौलाना **दिनांक 15.06.2026**

थाना धौलाना पुलिस ने ग्राम उदयरामपुर नगला में प्रेमिका की हत्या करने वाले हत्यारोपी प्रेमी को किया गिरफ्तार, जिसके कब्जे/निशादेही पर घटना मे प्रयुक्त दुपट्टा बरामद ।

कार्यवाहीः-

हापुड़ पुलिस द्वारा जनपद में अपराध की रोकथाम एवं वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत थाना धौलाना पुलिस द्वारा थाने के मु0अ0सं0 187/2026 धारा 103(1) बीएनएस में नामजद/वांछित अभियुक्त को नहर पुल के पास ग्राम उदयरामपुर नगला से गिरफ्तार किया गया है एवं अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पताः-

अमृतलाल यादव पुत्र बुझई यादव निवासी ग्राम निकासीपुर पोस्ट मार्टिनगंज थाना दिलदारगंज जनपद आजमगढ़ ।

बरामदगी का विवरणः-

घटना में प्रयुक्त दुपट्टा

पूछताछ का विवरणः-

गिरफ्तार अभियुक्त ने पूछताछ करने पर बताया कि मैं करीब 08-09 साल से लुधियाना पंजाब में किराये की दुकान लेकर मौमोज बेचने का काम करता था उसी दौरान मेरी मुलाकात अनु देवी पुत्री श्री चन्द्र मौर्य निवासी शमशान घाट रोड मण्डी गोविन्दगढ़ फतेहाबाद पंजाब से

हुई थी, जो आयुर्वेद कम्पन्नी में काम करती थी। फिर हम दोनों वहां से चले आये, घटना से करीब दो-तीन दिन पहले से मैं एवरेज कम्पन्नी शेखपुर खिचरा में प्लास्टिक की कुर्सी बनाने वाली कम्पन्नी में काम करने लगा था। अनु द्वारा मुझे अपनी पत्नि से कोई मतलब नहीं रखने को कहा गया जिसको लेकर हम दोनों के मध्य विवाद हो गया था और वह इसी बात पर अड़ी रही, मैं भी अनु से परेशान हो गया था, इसी बात को लेकर मैंने अनु के ही दुपट्टे से उसकी गला घोटकर हत्या कर दी थी।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-

1. थानाध्यक्ष श्री अवनीश शर्मा थाना धौलाना जनपद हापुड़।
2. व0उ0नि0 देवेन्द्र कुमार थाना धौलाना जनपद हापुड़।
3. उ0नि0 अश्वनी कुमार थाना धौलाना जनपद हापुड़।
4. उ0नि0 दिनेश सिंह थाना धौलाना जनपद हापुड़।
5. का0 874 मोनू कुमार थाना धौलाना जनपद हापुड़।